# विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2023/ 771 दिनांक :-09/6/23

प्रेषक,

कुलसचिव
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन।

प्रति,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,

प्रति,

विभागाध्यक्ष,
समस्त अध्ययनशालाएं
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

**विषय :- शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा, भोपाल द्वारा प्रसारित प्रवेश नियम,मार्गदर्शी सिद्धांत,अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय-सारणी।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषय में निवेदन है कि म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा प्रवेश नियम,मार्गदर्शी सिद्धांत,अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय-सारिणी वेबसाईट पर प्रसारित कर दिये गये हैं उक्त प्रवेश नियम,मार्गदर्शी सिद्धांत,अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय-सारिणी उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

कृपया आप अपने महाविद्यालय/अध्ययनशाला में विद्यार्थियों को प्रवेश देते समय प्रवेश नियम,मार्गदर्शी सिद्धांतों,अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय-सारिणी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्न :- यथोपरि।

आदेशानुसार
कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2023/ 772 दिनांक :-09/6/23

प्रतिलिपि :-

समस्त अधिकारीगण, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)

(ब) यदि कोई छात्र किसी सेमेस्टर में सभी प्रश्न पत्रों में उत्तीर्ण होता है, तो उस छात्र को उस सेमेस्टर में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और यदि छात्र किसी सेमेस्टर में कुल क्रेडिट के आधे क्रेडिट प्राप्त करता है और उस सेमेस्टर के कुछ प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण रहता है तो उसे अनुत्तीर्ण प्रश्न पत्रों में एटीकेटी (ATKT) सहित अस्थायी रूप से अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जा सकेगा।

(स) यदि छात्र एटीकेटी (ATKT) परीक्षा में शेष सभी प्रश्न पत्रों को पास करने में असफल रहता है, तो अस्थायी पदोन्नति समाप्त कर दी जाएगी लेकिन उसे असफल प्रश्न पत्रों को पास करने का दूसरा मौका दिया जाएगा। मान लीजिए कि उपरोक्त दूसरे अवसर के बाद भी छात्र संबंधित प्रश्न पत्रों को सफलतापूर्वक पूरा नहीं करता है, ऐसे प्रकरण में छात्र को अनुत्तीर्ण माना जाएगा और वह सेमेस्टर शून्य–सेमेस्टर माना जाएगा एवं छात्र को पूरे सेमेस्टर को दोहराने के लिए कहा जाएगा।

(द) यदि वर्तमान स्वशासी महाविद्यालय में स्नातक कार्यक्रम के चौथे वर्ष का अवसर नहीं दिया जा रहा हो तो उसी विश्वविद्यालय के अन्य स्वशासी महाविद्यालय/यू.टी.डी. में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर में अस्थायी प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत वार्षिक पद्धति से संचालित स्वशासी /अन्य महाविद्यालयों हेतु प्रावधान :–**

**18.1.4. आर्डिनेंस (14 बी) के अनुसार**

(अ) यदि कोई छात्र किसी भी प्रश्न पत्र में एफ/F (fail) या एबी/AB (Absent) ग्रेड प्राप्त करता है, तो उसे प्रश्न पत्र में पूरक/अनुत्तीर्ण माना जाएगा। ऐसे छात्रों को विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में पुनः शामिल होना होगा। सी.सी.ई. के अंक कैरी फारवर्ड किए जा सकेंगे एवं ग्रेड निर्धारण हेतु पुनर्परीक्षा के प्राप्तांक में जोड़े जायेंगे।

(ब) छात्र को अगले वर्ष में तभी पदोन्नत किया जाएगा जब वह एक वर्ष में कुल क्रेडिट के आधे क्रेडिट प्राप्त करता है, (उदाहरणार्थ वार्षिक परीक्षा पद्धति के कुल 40 क्रेडिट में से 20) यदि छात्र कुल क्रेडिट के आधे से कम क्रेडिट प्राप्त करता है, तो छात्र को उस वर्ष में अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा, इस स्थिति में अनुत्तीर्ण छात्र को पूरा वर्ष पुनः दोहराना होगा साथ ही वह वर्ष शून्य वर्ष माना जाएगा। ऐसे अनुत्तीर्ण छात्रों को अगले वर्ष में पदोन्नत नहीं किया जाएगा।

(स) यदि कोई छात्र किसी वर्ष में सभी प्रश्न पत्रों में उत्तीर्ण होता है, तो छात्र को उस वर्ष में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। यदि छात्र वर्ष के कुल क्रेडिट के कम से कम आधे क्रेडिट प्राप्त करता है और कुछ प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण रहता है तो उसे अनुत्तीर्ण प्रश्न पत्रों में पूरक सहित अस्थायी रूप से अगले वर्ष में पदोन्नत किया जा सकेगा।

(द) यदि छात्र अगली पूरक परीक्षा में सभी प्रश्न पत्रों को पास करने में असफल रहता है, तो अस्थायी पदोन्नति समाप्त कर दी जाएगी, लेकिन उसे असफल प्रश्न पत्रों को पास करने का दूसरा मौका दिया जाएगा। मान लीजिए कि उपरोक्त दूसरे अवसर के बाद भी छात्र संबंधित पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा नहीं करता है, ऐसे प्रकरण में छात्र को अनुत्तीर्ण माना जाएगा और वह वर्ष शून्य वर्ष के रूप में माना जाएगा, एवं छात्र को पूरे वर्ष को दोहराने के लिए कहा जाएगा।

(य) यदि वर्तमान महाविद्यालय में स्नातक कार्यक्रम के चौथे वर्ष का अवसर छात्रों को नही दिया जा रहा हो तो उसी विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालय/यू.टी.डी. में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर में अस्थायी प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

18.2 <u>स्नातकोत्तर स्तर हेतु</u> :– पात्र विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम सेमेस्टर में ही ऑनलाइन प्रवेश दिया जायेगा। तृतीय सेमेस्टर में ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया होगी। तृतीय सेमेस्टर में पिछले सेमेस्टर (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) में उत्तीर्ण/किसी एक सेमेस्टर में दो तथा एक–समय में कुल 4 प्रश्नपत्रों में ए.टी.के.टी. प्राप्त विद्यार्थियों को पात्रता होगी। लेकिन किसी भी एक सेमेस्टर में दो से अधिक प्रश्नपत्रों में ए.टी.के.टी. की पात्रता नहीं होगी।

18.3 नवीनीकरण शुल्क संबंधी निर्देश–नियमानुसार संबधित महाविद्यालय द्वारा प्रवेश नवीनीकरण हेतु पात्र विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रमोट किया जाएगा। स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थी पात्रतानुसार 500/10 रूपए प्रथम किश्त के रूप में ऑनलाइन जमा कर प्रवेश प्राप्त करेंगे। कार्यालयीन पत्र क्रमांक 68/17/आउशि/आई.टी./19 भोपाल, दिनांक 05.03.2020 के तहत निर्धारित, समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश नवीनीकरण हेतु पोर्टल शुल्क रूपये 30/– देय होगा। प्रवेश शुल्क की शेष राशि संबंधित महाविद्यालय द्वारा तीन किश्तों में महाविद्यालय आरंभ होने पर ऑनलाइन जमा की जायेगी।

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय कार्य दिवसों की गणना

### सत्र 2023–2024

| क्र. | माह | दिवस | अवकाश | कार्य दिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जुलाई 2023 | 31 | 5 रविवार + 1 अवकाश | 25 |
| 2 | अगस्त 2023 | 31 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 25 |
| 3 | सितम्बर 2023 | 30 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 4 | अक्टूबर 2023 | 31 | 5 रविवार + 3 अवकाश | 23 |
| 5 | नवम्बर 2023 | 30 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 6 | 12 दिसम्बर 2023 तक | 12 | 2 रविवार + 0 अवकाश | 10 |
| | कुल दिवस | 164 | 33 | 131 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना

### सत्र 2023–2024

| क्रमांक | विवरण | कार्य दिवस |
|---|---|---|
| 1. | 01 जुलाई 2023 से 12 दिसम्बर 2023 तक कुल कार्य दिवस | 131 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणेत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br><br>1. स्थानीय अवकाश – 03 कार्य दिवस<br>2. दीपावली अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>3. महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ – 08 कार्य दिवस<br>4. परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>5. परीक्षा – 20 कार्य दिवस | 41 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1–2) (131–41) . | 90 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय/चतुर्थ कार्य दिवसों की गणना

सत्र 2023–2024

| क्रमांक | माह | दिवस | अवकाश | कार्य दिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 21 दिसम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 | 11 | 2 रविवार + 1 अवकाश | 08 |
| 2. | जनवरी 2024 | 31 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 26 |
| 3. | फरवरी 2024 | 29 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 24 |
| 4. | मार्च 2024 | 31 | 5 रविवार + 3 अवकाश | 23 |
| 5. | अप्रैल 2024 | 30 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 6. | मई 2024 | 31 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 26 |
| 7. | जून 2024 | 30 | 5 रविवार + 1 अवकाश | 24 |
| 8 | कुल दिवस | 193 | 193–38 | 155 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति द्वितीय/चतुर्थ हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना

सत्र 2023–2024

| क्रमांक | विवरण | कार्य दिवस |
|---|---|---|
| 1. | 21 दिसम्बर 2023 से 30 जून 2024 तक कुल कार्य दिवस | 155 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणेत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br>1. महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ – 03 कार्य दिवस<br>2 परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>3 परीक्षा – 20 कार्य दिवस<br>4. ग्रीष्म अवकाश – 36 कार्य दिवस | 64 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1–2) (155–64) | 91 |

परिशिष्ट – 2

# सत्र 2023–24 अकादमिक कैलेण्डर

## (वार्षिक पद्धति–स्नातक प्रथम / द्वितीय / तृतीय वर्ष कक्षाओं हेतु प्रभावशील)

| स.क्र | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश प्रारंभ | मई 2023 |
| 2. | शिक्षण कार्य प्रारंभ | 01 जुलाई 2023 |
| 3. | प्रवेश उत्सव कार्यक्रम | जुलाई 2023 |
| 4. | संकाय परिवर्तन / विषय परिवर्तन / प्रवेश समस्या निवारण शिविर | प्रवेश समाप्ति के पश्चात 30 दिवस तक |
| | **छात्र संघ / सांस्कृतिक, साहित्यिक / खेलकूद एवं अन्य महाविद्यालयीन गतिविधियाँ** | |
| 1. | छात्रसंघ गठन | सितम्बर 2023 |
| 2. | विश्वविद्यालयीन / महाविद्यालयीन / जिला / संभाग / राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाऐं | ये सभी गतिविधियाँ माह नवम्बर 2023 तक पूर्ण कर ली जाएं। |
| 3. | खेलकूद / एन.सी.सी. / एन.एस.एस / युवा उत्सव / दीक्षान्त समारोह एवं अन्य गतिविधियाँ | |
| 4. | वार्षिक स्नेह सम्मेलन / वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन | फरवरी द्वितीय सप्ताह 2024 (अधिकतम 03 कार्य दिवस) |
| | **आंतरिक मूल्यांकन / वार्षिक परीक्षाएँ** | |
| 1. | पूरक परीक्षा प्रारंभ | 16.09.2023 से 30.09.2023 |
| 2. | पूरक परीक्षा परिणाम की घोषणा | 31.10.2023 |
| 3. | तिमाही परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन | सितम्बर अंतिम सप्ताह 2023 |
| 4. | छःमाही आंतरिक मूल्यांकन | दिसम्बर अंतिम सप्ताह 2023 |
| 5. | सैद्धान्तिक परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत घोषणा | 21 फरवरी 2024 |
| 6. | सभी स्नातक कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि | 14 मार्च से 25 मार्च 2024 |
| 7. | परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश | 26 मार्च से 31 मार्च 2024 |
| 8. | वार्षिक परीक्षा | 01 अप्रैल से 31 मई 2024 |
| 9. | ( i ) स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 31 मई 2024 |
| | ( ii ) शेष समस्त परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 31 जुलाई 2024 |
| | **अवकाश** | |
| 1. | दीपावली | दिनांक 09 नवम्बर से 14 नवम्बर 2023 तक (05 कार्य दिवस) |
| 2. | ग्रीष्म अवकाश (शिक्षकों हेतु) | 16.05.2024 से 30.06.2024 (कुल 36 कार्य दिवस) |

नोट :– स्नातक द्वितीय / तृतीय वर्ष में प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किया जाए।

## महाविद्यालयों (हेल्प सेन्टर्स) को ऑनलाइन सत्यापन हेतु विशेष निर्देश

1. पंजीयन आवेदन करते समय सर्वप्रथम आवेदक का नाम/माता/पिता के नाम एवं जन्मतिथि (10वीं अंकसूची) से मिलान कर सूक्ष्म जॉच अनिवार्यतः करें।
2. अपलोड किए गए प्रमाणपत्रों की भी सूक्ष्म जॉच की जावे।
3. अधिभार हेतु अपलोड किए गए प्रमाणपत्रों की वैधता एवं पात्रता हेतु निर्धारित समयावधि (मार्गदर्शिका में उल्लेखित कण्डिका **5.4.4** अनुसार) की गंभीरता पूर्वक जॉच करें।
4. आवेदक द्वारा दर्ज की गई श्रेणी अनुसार ही प्रमाण पत्र अपलोड किया गया है, यह सुनिश्चित कर ले जैसे – आवेदक द्वारा दर्ज की गई श्रेणी एस.सी. (अनुसूचित जाति) एवं अपलोड किया गया प्रमाण पत्र एस.टी. (अनुसूचित जनजाति) का होने पर त्रुटि सुधार में डाले।
5. आवेदक द्वारा विशेष प्रोत्साहन के लाभ हेतु अपलोड किए गए प्रमाणपत्रों की मार्गदर्शिका की कण्ड़िका **27.1** से **27.6** का सतर्कता पूर्वक अवलोकन कर ही सत्यापन पूर्ण किया जाए।
6. योग्यता के विवरण (Qualification Details) में आवेदक के अनुक्रमांक/परीक्षा का वर्ष/परीक्षा परिणाम/कुल प्राप्तांक एवं पूर्णांक अपलोड की गई 12 वीं/स्नातक अंक सूची से आवश्यक रूप से मिलान करें।
7. स्नातकोत्तर स्तर पर योग्यता के विवरण में (Qualification Details) से सुनिश्चित कर ले कि आवेदक ने स्नातक उत्तीर्ण विश्वविद्यालय का नाम सही दर्ज किया है ।
8. हेल्प सेन्टर लॉगिन आई.डी. पर विभाग द्वारा आवंटित पंजीयन आवेदन प्राप्त होते ही सत्यापन की प्रकिया पूर्ण करें।
9. यदि आवेदन त्रुटि सुधार (Send Back/Edit/Correction) हेतु प्रेषित किया गया है तो आवेदक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचित करना अनिवार्य होगा। इस हेतु महाविद्यालय स्तर पर ऐसी त्रुटिपूर्ण प्रकरणों की जानकारी का संधारण किया जावेगा।